**Fire in Vigyan Uhawan**

1107. SHRI GHUFRAN AZAM :
SHRI MURL1DHAR CHANDRAKANT BHANDARE:
SHRI GURUDAS DAS GUPTA :

Will the Minister of URBAN DEVELOPMENT be pleased to state :

(a) whether it is a fact that fire broke out in Vigyan Bhawan due to negligence on the part of CPWD recently ;

(b) whether the CPWD has failed to provide fire-fighting equipments in the Government buildings ; and

(c) if so, the Government's reaction thereto and steps Government propose to take against the CPWD in this regard ?

THE MINISTER OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI MURASOL1 MARAN) : (a) and (b) No, Sir.

(c) On a review of the requirements of the Delhi Fire Prevention and Fire Safety Act, 1986, brought into force in March, 1987 the Government sanctioned a number of fire-saiety works in the high-rise buildings maintained by CPWD in order to bring them in comiormity with the rules framed under the Act. A dedicated Project Team under a Superintending Engineer has been sanctioned in the CPWD in July, 1989 for exe cution of these fire safety works. These have already been started by the CPWD.

**कृषि नीतियों संबंधी उच्चाधिकार प्राप्त समिति की सिफारिश**

1108. **श्री राम नरेश यादव :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि "कृषि नीतियों और कार्यक्रमों संबंधी उच्चाधिकार प्राप्त समिति ने अपना प्रतिवेदन सरकार को प्रस्तुत कर दिया है;

(ख) यदि हां, तो सरकार को यह प्रतिवेदन कब प्राप्त हुआ ;

(ग) क्या सरकार ने इस प्रतिवेदन में की गयी सिफारिशों को कार्यान्वित करने के लिए कोई योजना बनायी है; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

**कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री नितिश कुमार):** (क) श्री भानु प्रताप सिंह की अध्यक्षता में गठित उच्च शक्ति प्राप्त समिति ने अपनी रिपोर्ट सरकार को प्रस्तुत नहीं की है।

(ख) से (घ) प्रश्न ही नहीं होता है।

**फलों के उत्पादन में वृद्धि**

1109. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा के वैज्ञानिकों ने फलों के उत्पादन में दस गुना वृद्धि करने के लिए सफल प्रयोग किये हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने किसानों को उत्पादन के इन सफल तरीकों से अवगत कराने के लिए कोई ठोस कदम उठाये हैं ;

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ; और

(घ) यदि इस दिशा में अब तक कोई प्रयास नहीं किये गये हैं ; तो इस संबंध में भावी योजनाएं क्या हैं ?

**कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री नितिश कुमार) :** (क) जी, नहीं।

(ख) से (घ) प्रश्न ही नहीं उठता ।

**महाराष्ट्र में डेरी परियोजनायें**

1110. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार द्वारा स्विटजरलैंड की सहायता से महाराष्ट्र में कोई डेरी परियोजनाएं स्थापित की जा रही हैं; और